Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
**EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION**
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

सत्यमेव जयते

संख्या : हि.अ./नराकास/द.दि.-1/2017/वॉल-II/बैठक/ 1349 दिनांक: 2/6/25

सेवा में,

सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.) / निदेशक, पीडीनास,
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (प्र.से.प्र.), मुख्यालय,
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल),
सभी क्षेत्रीय कार्यालयों / आंचलिक प्रशिक्षण संस्थानों के
प्रभारी क्षेत्रीय भ.नि.आयुक्त ।

**विषय: राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के संबंध में।**

**संदर्भ: श्री अनिल कुमार, उप सचिव(कार्यान्वयन),भारत सरकार,राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय का कार्यालय ज्ञापन संख्या 20016/02/2025-रा.भा. (का-2) दिनांक 24.04.2025.**

महोदया/ महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय से संबंधित कार्यालय ज्ञापन आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

उक्त विषय के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि दिनांक **26 जून 2025** को भारत मंडपम, नई दिल्ली एवं **10 जुलाई 2025** को, जीएमसी बालयोगी इनडोर स्टेडियम, हैदराबाद में राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें सभी कार्यालयों की प्रतिभागिता अनिवार्य है। अतः सभी कार्यालय प्रमुख अपने मौजूदा कार्यभार को देखते हुए अपनी सुविधा एवं विवेक से एक अथवा अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रतिभागी के रूप में किसी एक आयोजन में भाग लेने हेतु नामित करें। इसकी सूचना मुख्यालय को भी प्रेषित की जाए।

**(केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त के अनुमोदन से जारी)**

भवदीय,

संलग्न: यथोपरि ।

**(भास्कर चौर्डिया)**
**अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.)**
**/प्रभारी राजभाषा**

प्रतिलिपि:

1. क्षेत्रीय भ. नि. आयुक्त, एनडीसी को वेब अपलोड के अनुरोध सहित ।
2. सभी उप निदेशक (राजभाषा)/ सहायक निदेशक (राजभाषा)/ वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

संख्या 20016/02/2025-रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
******

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 24अप्रैल, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

राजभाषा संबंधी सांविधानिक और कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने व संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के एक स्वतंत्र विभाग के रूप में 26 जून 1975 को राजभाषा विभाग की स्थापना की गई।

2. सहर्ष अवगत कराना है कि इस वर्ष राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा 26 जून, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जाना है। इसी उपलक्ष्य में एक अन्य सम्मेलन 10 जुलाई, 2025 को, जीएमसी बालयोगी इनडोर स्टेडियम, हैदराबाद में भी आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी होंगे।

3. अतः केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/सम्बद्ध कार्यालयों/नराकास (अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं।

4. इन सम्मेलनों में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

5. उक्त दोनों सम्मेलनों में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

6. सम्मेलनों में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (निःशुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट rajbhasha.gov.in पर दिल्ली सम्मेलन हेतु दिए गए लिंक https://164.100.54.224/olgj/ तथा हैदराबाद सम्मेलन के लिए https://164.100.54.224/oihyd/ पर करना आवश्यक है।

(अनिल कुमार)
उप सचिव(कार्यान्वयन)
फोन: 011-23438129

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/अधीनस्थ कार्यालय/ सम्बद्ध कार्यालय/स्वायत्त संस्थान/संवैधानिक निकाय आदि।